हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, शनिवार, 19 अप्रैल 2025

## हिंगना में भीषण सड़क हादसे में युवक की मौत आरोपी पिकअप चालक पर मामला दर्ज

**हिंगना.** थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 42 वर्षीय व्यक्ति की जान चली गई। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, साकीर साबीर हुसैन (42) राजीव नगर, वानाडोंगरी, हिंगणा निवासी दिनांक 12 अप्रैल को दोपहर करीब 4 बजे अपने एक्टिवा गाड़ी क्रमांक (एमएच 40 वीजेड 2998) से समृद्धि महामार्ग की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अमरावती-जबलपुर बायपास रोड पर एक टाटा एस क्रमांक (एम एच 40 बीएल 7082) वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। वाहन चालक रविन्द्र श्यामराव शेटे, निवासी धनगरपुरा, हिंगणा, ने तेज गति, लापरवाही और खतरनाक ढंग से वाहन चलाते हुए साकीर हुसैन को सामने से टक्कर मारी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सुराबर्डी में बनेगा भव्य गोंडवाना आदिवासी सांस्कृतिक संग्रहालय : अशोक उइके

**नागपुर.**

आदिवासी विकास मंत्री अशोक उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की संकल्पना और पहल से आदिवासी समुदाय की संस्कृति को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के लिए सुराबर्डी में भव्य गोंडवाना आदिवासी सांस्कृतिक संग्रहालय की स्थापना की जाएगी। यह संग्रहालय लगभग 15 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा। मंत्री अशोक उइके ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से इस परियोजना की समीक्षा की ओर सभी प्रक्रियाएं 30 मई से पहले पूरी करने को कहा। जून महीने में इस काम की प्रत्यक्ष शुरुआत होने की उम्मीद है।



इस संग्रहालय के माध्यम से आदिवासी संस्कृति का दर्शन हो सकेगा। संग्रहालय में 45 विभिन्न जनजातीय जातियों के सांस्कृतिक, सामाजिक और पारंपरिक पहलुओं को प्रदर्शित किया जाएगा। यह संग्रहालय भावी पीढ़ियों को आदिवासी संस्कृति की विरासत को समझने और संरक्षित करने के लिए प्रेरित करेगा। मंत्री श्री. उइके ने कहा कि इस संग्रहालय के निर्माण के लिए निधि की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संग्रहालय में गोंड, भील, कोलाम, कोरकू, वारली, महादेव कोली, कातकरी, पारधी सहित विभिन्न आदिवासी जातियों के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। इस संग्रहालय में स्वतंत्रता संग्राम में इन समुदाय के सदस्यों द्वारा दिए गए योगदान, इतिहास, रीति-रिवाजों, परंपराओं, नृत्य, संगीत, कला और आभूषणों को रेखांकित किया जाएगा।

प्रस्तुतीकरण के दौरान आदिवासी विकास विभाग की अतिरिक्त आयुक्त आयुषी सिंह, आदिवासी विकास विभाग के कार्यकारी अभियंता उज्ज्वल डाबे, संयुक्त आयुक्त बबीता गिरि, प्रकल्प अधिकारी नितिन इसोकार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### संग्रहालय पर्यावरण अनुकूल बनाने पर जोर

संग्रहालय को पर्यावरण अनुकूल बनाने पर जोर दिया जाएगा। संग्रहालय के निर्माण के दौरान रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पर्याप्त वृक्षारोपण, सौर ऊर्जा और एआई प्रौद्योगिकी के उपयोग पर विशेष जोर दिया जाएगा। प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि भवन निर्माण के लिए सावनेर स्टोन पत्थर का मुख्य रूप से उपयोग किया जाएगा।

# पेंच कोलितमारा में पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बलून बंद

**नागपुर.**

महाराष्ट्र के पेंच कोलितमारा में पिछले तीन महीने से पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बलून की गतिविधियां बंद हैं, जिससे पर्यटक निराश हो रहे हैं। इन गतिविधियों के कारण पेंच पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। इसे बंद करने का कारण वन विभाग ने टेंडर समाप्त होना बताया है। अभी तक नया टेंडर जारी नहीं किया गया है। महाराष्ट्र में यह सुविधा केवल पेंच कोलितमारा में ही शुरू की गई थी।

पेंच व्याघ्र प्रकल्प 789 वर्ग किलोमीटर में फैला एक विशाल जंगल है, जहां 6 से अधिक सफारी गेट हैं। यहां हर साल हजारों पर्यटक आते हैं। पहले यहां पर्यटकों के लिए सफारी ही एकमात्र विकल्प था। ऐसे में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वर्ष 2024 में पेंच कोलितमारा में पैराग्लाइडिंग शुरू की गई थी। हजारों



फीट की ऊंचाई से जंगल का विहंगम दृश्य और हॉट एयर बलून की सैर पर्यटकों को खूब पसंद आ रही थी। इससे वन विभाग को अच्छा-खासा राजस्व भी प्राप्त हो रहा था। एक साल में सबसे अधिक पर्यटकों ने हॉट एयर बलून की सैर की, जिसमें 400 पर्यटकों ने 300 फीट की ऊंचाई से प्राकृतिक नज़ारे और आदिवासियों की जीवनशैली को देखा। इसके अलावा, पैरामोटरिंग भी इतनी ही ऊंचाई से पेंच की पहाड़ियों और नदियों के दर्शन कराती थी। ज़ोरबिंग बॉल और एटीवी राइड जैसी गतिविधियां भी पर्यटकों को आकर्षित कर रही थीं। इन गतिविधियों से प्रशासन को 10 लाख रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ था। ग्रीष्म काल पर्यटकों के लिए सबसे अच्छा समय होता है, क्योंकि इस दौरान छुट्टियां होने से पर्यटकों की संख्या बढ़ती है। इसके बावजूद, दिसंबर से अब तक इन गतिविधियों को बंद रखना सभी के लिए समझ से परे है।

### निराशा ही हाथ लग रही हैं

पर्यटकों का कहना है कि अब यहां आने पर केवल निराशा ही हाथ लग रही है। वन विभाग ने टेंडर समाप्त होने के बाद इन गतिविधियों को बंद किया है। अभी तक नया टेंडर जारी नहीं किया गया है, इसलिए इन्हें बंद रखा गया है।

**नीलेश धुर्वे, पैरामोटरिंग फ्लायर**

# बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को जारी किया नोटिस

> आठ मई तक जवाब देने का दिया आदेश

**नागपुर.**

बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को समन जारी किया है। अदालत ने मुख्यमंत्री को आठ मई तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया गया है। ज्ञात हो कि, पिछले साल के विधानसभा चुनाव में हारने वाले 26 उम्मीदवारों ने महायुति के विजयी उम्मीदवारों की जीत को चुनौती दी है। कांग्रेस के प्रफुल्ल गुडधे ने दक्षिण पश्चिम नागपुर निर्वाचन क्षेत्र से फडणवीस के खिलाफ चुनाव लड़ा था और हार का सामना किया था। जिसके बाद उन्होंने निर्णय को चुनौती देते हुए अदालत में याचिका दायर की है।

अदालत ने बुधवार को भाजपा विधायक सुधीर मुनगंटीवार, राकांपा के मनोज कायंदे और भाजपा के देवराव भोंगले को भी तलब किया। गुरुवार को अदालत ने भाजपा के मोहन मते और चिमूर विधायक



कीर्तिकुमार भांगड़िया को भी नोटिस भेजा। याचिकाकर्ताओं ने ईवीएम को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि चुनाव आयोग ने ईवीएम के जरिए चुनाव कराने से पहले जरूरी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी नहीं कीं। यह भी कहा गया है कि पराजित प्रत्याशियों को सीसीटीवी फुटेज और फॉर्म नंबर 17 भी नहीं दिया जा रहा है। न्यायमूर्ति प्रवीण पाटिल ने चुनाव आयोग और अन्य प्रतिवादियों के नामों को छोड़कर केवल विजयी उम्मीदवारों को नोटिस जारी किया है। मते को 6 मई तक और भांगड़िया को 8 मई तक अपना जवाब देने का निर्देश दिया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता आकाश मून पेश हुए।

# आयुक्त डॉ. चौधरी ने एसटीपी के लिए प्रस्तावित स्थल का किया निरीक्षण

> अधिकारियो को नया प्रस्ताव पेश करने का दिया आदेश

**नागपुर.**

मनपा आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने शुक्रवार को नागनदी प्रदूषण नियंत्रण परियोजना के अंतर्गत शहर के पीली नदी पर मौजा नारी में स्थापित किए जाने वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उपायुक्त मिलिंद मेश्राम, अधीक्षण अभियंता डॉ. श्वेता बनर्जी, नगरीय नियोजन उपनिदेशक किरण राऊत, कार्यकारी अभियंता राजेश दुफारे, आशीनगर जोन के सहायक आयुक्त हरीश राऊत, कार्यकारी अभियंता अजय पजारे, भूसंपदा अधिकारी पंकज पाराशर उपस्थित थे।

नागा नदी प्रदूषण नियंत्रण परियोजना के अंतर्गत मौजा नारा में पीली नदी पर 45 मिलियन लीटर



क्षमता वाला एक नया सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्र बनाया जाएगा।

सीवेज उपचार संयंत्र के लिए प्रस्तावित स्थल नागपुर सुधार ट्रस्ट/वन विभाग सहित एक निजी भूस्वामी के कब्जे में है। कुछ स्थान पार्क के लिए आरक्षित है। मनपा को अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र बनाने के लिए लगभग 6 एकड़ भूमि का अधिग्रहण करना होगा।

आयुक्त डॉ. चौधरी ने टीसीईएन प्रतिनिधियों से इस प्रसंस्करण केंद्र के लिए एक स्थल निर्धारित करने, केंद्र की तकनीकी व्यवहार्यता की पुनः जांच करने और नदी के दूसरी ओर आरक्षित भूमि पर अपशिष्ट जल उपचार केंद्र बनाया जा सकता है या नहीं, इस पर विचार करने को कहा। इसकी जांच कर नया प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।



# याज्ञवल्क्य जिचकर की कांग्रेस में वापसी

### प्रदेश अध्यक्ष सपकाल और रमेश चेन्निथला ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

**नागपुर.** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री स्वर्गीय डॉ. श्रीकांत जिचकर के पुत्र याज्ञवल्क्य जिचकर गुरुवार को फिर से कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। ज्ञात हो कि, विधानसभा चुनाव के दौरान याज्ञवल्क्य काटोल विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उतरे थे। जिसके बाद कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था। मुंबई के तिलक भवन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला और प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने उनका स्वागत किया। याज्ञवल्क्य महाराष्ट्र प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव हैं। नागपुर जिले के काटोल निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ा। यह निर्वाचन क्षेत्र राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख का है। इस साल के चुनाव में अनिल देशमुख के बेटे सलिल देशमुख ने यहां से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव लड़ा था।

# वाठोडा में हुई चोरी मामले का हुआ पर्दाफाश

### 3 आरोपी गिरफ्तार, 3.64 लाख का माल जब्त, क्राइम ब्रांच यूनिट 4 की कार्रवाई

**नागपुर.**

वाठोडा थाना क्षेत्र में हुई एक चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए अपराध शाखा यूनिट क्र. 04 की टीम ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से चोरी गया करीब 3.64 लाख रुपये का माल बरामद किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवनाथ नगर, वाठोडा निवासी 65 वर्षीय विठ्ठलराव रामकृष्णजी डबरे अपने परिवार के साथ बेटी के रिश्ते के सिलसिले में बाहरगांव गए हुए थे। इसी दौरान 14 अप्रैल को दोपहर 1:30 से 2:57 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने उनके बंद घर का ताला व सेंट्रल लॉक तोड़कर बेडरूम की अलमारी से करीब 5 लाख रुपये नकद व सोने-चांदी के आभूषण समेत करीब 7.93 लाख रुपये मूल्य का सामान चुरा लिया। इस मामले में वाठोडा थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच यूनिट 04 की टीम ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपियों में मोहम्मद जागीर मोहम्मद शाहीद (27), ताजबाग निवासी, शेख शोएब शेख मेहफुज (22), चिखली चौक कलमना और

शेख तनवीर शेख इब्राहीम (22) ताज बाग निवासी का समावेश है। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1,25,630 रुपये नकद व सोने-चांदी के गहनों सहित करीब 3,64,130 रुपये का माल जब्त किया है। सभी आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए वाठोडा पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

यह कार्रवाई डीसीपी राहुल माकणीकर, सह आयुक्त अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में पीआई कमलाकर गड्डीमे, पीएसआई अविनाश जायभाये, हवलदार युवानंद कडु, अभिषेक शनिवारे, निलेश ढोणे, नाझीर शेख, अजय यादव, रोशन तिवारी, नितीन वर्मा, पो. अं. महेश व लक्ष्मण कलमकर ने मिलकर की है।

# पानी में डूबने से बचने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग का ‘रिमोट नियंत्रित जलयान’

**नागपुर.**

मानसून के मौसम में जिले की विभिन्न झीलें और बांध पानी से भर जाते हैं, जिससे वे पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं। हालाँकि, इस स्थान पर नागरिकों की लापरवाही के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है और हर साल कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं होती हैं। अगस्त 2024 में मकरधोकड़ा झील में एक युवक की इसी तरह की मौत होने के बाद, जिला कलेक्टर डॉ. विपिन इटनकर की पहल और निवासी उपजिलाधिकारी अनूप खांडे के मार्गदर्शन में आपदा प्रबंधन विभाग ने मकरधोकड़ा



झील के लिए रिमोट-नियंत्रित जलयान खरीदा है।

यह एक प्रकार का दूर से संचालित जलयान है, जो डूबते हुए व्यक्ति को शीघ्र सहायता प्रदान करने का काम करता है। मानसून के मौसम के दौरान इस यान के साथ मानवशक्ति तैनात करने का निर्णय लिया गया है। स्थानीय ग्राम पंचायत के दो युवाओं को इस परियोजना के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है तथा उन्हें संबंधित कंपनी द्वारा मानदेय भी दिया जाएगा। इस यान को मकरधोकड़ा ग्राम पंचायत को सौंप दिया गया है। इसका प्रदर्शन और निरीक्षण 9 अप्रैल को मकरधोकड़ा झील क्षेत्र में किया गया। इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी अंकुश गावंडे, नायब तहसीलदार वाडे एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। यदि यह पायलट परियोजना सफल रही तो जिला प्रशासन जिले के अन्य जलाशयों में भी ऐसी तकनीक का उपयोग करने का इरादा रखता है।

# नागपुर पुलिस ने लापता महिलाओं और बच्चों का पता लगाने के लिए शुरू किया ‘ऑपरेशन शोध’



**नागपुर.**

लापता महिलाओं और बच्चों का पता लगाने के एक प्रयास में, नागपुर सिटी पुलिस ने ऑपरेशन शोध (खोज) शुरू किया है, जो 17 अप्रैल से 15 मई, 2025 तक चलाया जाने वाला है। यह पहल राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2022 की रिपोर्ट के चौंकाने वाले आंकड़ों के जवाब में की गई है, जिसमें लापता महिलाओं के मामलों में महाराष्ट्र को देश में दूसरा और लापता बच्चों के मामले में पहला स्थान दिया गया है।

मार्च 2025 में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अपराध सम्मेलन के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री द्वारा जारी निर्देशों के बाद, एक साल से अधिक समय से लापता महिलाओं से जुड़े लंबित मामलों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उन्हें खोजने के लिए सक्रिय और तीव्र प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया है।

इस अभियान में शहर भर में प्रत्येक उप-मंडल स्तर पर समर्पित टीमें नियुक्त की गई हैं। इन टीमों में एक पुलिस अधिकारी और एक महिला कांस्टेबल सहित तीन कांस्टेबल शामिल हैं। इसके अलावा, क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट भी इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल रहेगी।

# 540 फर्जी शालार्थ आईडी बना सालों से उठाते रहे तनखवा, 5400 करोड़ का घोटाला आया सामने

**नागपुर.**

पूर्व विदर्भ में शिक्षा विभाग में एक बड़ा घोटाला सामने आया है, जिसमें 540 फर्जी शालार्थ आईडी का इस्तेमाल कर सालों से वेतन उठाया जा रहा है। इन आईडी के माध्यम से 2019 से वेतन वितरित किया जा रहा था, इसकी शिकायत शिक्षा विभाग में दर्ज कराई गई है। आश्चर्य की बात तो ये है की आईडी शिक्षकों में से कई तो अस्तित्व में ही नहीं हैं। भ्रष्टाचार के इस मामले में कई और लोगों के गिरफ्तार होने की संभावना है।

घोटाले का खुलासा करते हुए एसीपी लोहित मतानी ने बताया कि, "12 मार्च को शिक्षा विभाग द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि उनके सिस्टम में 540 फर्जी स्कूल आईडी तैयार की गई थीं। और 2019 से शिकायत आ रही थी कि उस स्कूल आईडी से वेतन काटा जा रहा है।"



मतानी ने आगे कहा कि, "अब इस मामले में जांच के लिए एनआईसी और महाआईटी सर्वर से संबंधित डेटा मांगा गया है।"

प्रारंभिक जांच में शिक्षा उपसंचालक उल्हास नारद का नाम प्रकाश में आया है और उनका कार्यालय ही शालार्थ आईडी प्रक्रिया का मुख्य केंद्र था। इसलिए उनके कार्यालय में लगे कंप्यूटरों के आईपी लॉग इन और कर्मचारियों के मोबाइल आईपी एड्रेस का मिलान कर जांच की जा रही है। हद तो ये है कि इन 540 आईडी शिक्षकों में से कई तो अस्तित्व में ही नहीं हैं, तथा उन्हें सालों से वेतन दिया जा रहा है। कुछ शिक्षकों का अभी पता नहीं चल पाया है, जिससे अब कोई शक ही नहीं है की इस माले में फर्जीवाड़ा नहीं हुआ।

इस मामले की जाँच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ स्कूल आईडी शिक्षा विभाग के बाहर भी बनाई गई थीं। शिक्षा उपसंचालक उल्हास नारद के कॉल रिकॉर्ड और आईडी लॉगिन के लिए इस्तेमाल किया गया आईपी एड्रेस भी मेल खा रहा है। इस मामले में कुछ और अधिकारियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जा सकता है, तथा स्कूलों में जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ भी जांच चल रही है।

### स्कूल आईडी प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या है?

जब विद्यालय से किसी शिक्षक के चयन एवं नियुक्ति के संबंध में प्रस्ताव आता है। इसके बाद शिक्षा उपनिदेशक उसे मंजूरी देते हैं। इसके बाद जिस स्कूल के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, वहां से शिक्षक की स्कूल आईडी यानी सैलरी आईडी बनाई जाती है। इसे स्कूल द्वारा अनुमोदित किया जाता है और फिर शिक्षा विभाग की पेरोल टीम द्वारा अनुमोदित किया जाता है। इसके बाद ही उस स्कूल आईडी को शिक्षा विभाग की प्रणाली में जोड़ा जाता है।

# नागपुर शहर में हुआ प्रमाणपत्र घोटाला: किरीट सोमैया

### कहा- फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से 1,234 लोगों ने हासिल किए सर्टिफिकेट

**नागपुर.**

भाजपा नेता किरीट सोमैया ने नागपुर जिले में बोगस जन्म प्रमाण घोटाला होने का दावा किया है। सोमैया ने कहा कि, नागपुर शहर में बांग्लादेशी रोहिंग्याओं ने फर्जी दस्तावेज तैयार प्रमाणपत्र हासिल किये हैं। भाजपा नेता ने कहा कि,1234 लोगों ने फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से प्रमाणपत्र किये हासिल। भाजपा नेता ने मामले की जाँच करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात भी कही।

अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या को फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से प्रमाणपत्र देने के खिलाफ भाजपा नेता किरीट सोमैया राज्य का दौरा कर रहे हैं। गुरुवार को सोमैया ने नागपुर पहुंचे और नागपुर मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी सहित तहसीलदार के साथ बैठक की। बैठक में फर्जी दस्तावेजों के साथ एनओसी हासिल करने और प्रमाणपत्र जारी करने की विस्तृत चर्चा की।

सोमैया ने बताया कि, तहसीलदार द्वारा जारी प्रमाणपत्र और मनपा द्वारा दिए एनओसी में बहुत अंतर है। मनपा ने 639 लोगों को एनओसी जारी की, लेकिन तहसील कार्यालय से 1234 लोगों को प्रमाणपत्र जारी किया गया। यानी की 595 लोगों ने फर्जी एनओसी के माध्यम से प्रमाणपत्र हासिल किये। सोमैया ने मामले की जांच करने और दोषी पाए जाने पर प्रमाणपत्र रद्द करने का आदेश अधिकारियों को दिया। इसी के साथ यह भी कहा कि, इस घोटाले में जो भी दोषी होगा उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

CMYK

# कोंढाली नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना (टप्पा 2.0) का शुभारंभ

## > विधायक चरणसिंग ठाकुर के हाथों संपन्न
## > 110 जनसमस्याओं का मौके पर ही समाधान
## > कोंढाली के विकास को मिली 6 करोड़ की निधि

**कोंढाली.**

कोंढाली नगर पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना टप्पा 2.0 का शुभारंभ 18 अप्रैल को सुबह 10 बजे नगर पंचायत प्रांगण में विधायक चरणसिंग ठाकुर के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों के आवेदन लिए गए और योजना की विधिवत शुरुआत की गई।

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक ठाकुर ने बताया कि कोंढाली को आदर्श नगर पंचायत बनाने का संकल्प लिया गया है और इसके लिए आवश्यकता पड़ी तो कठोर निर्णय भी लिए जाएंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अब कोंढाली का विकास नहीं रुकेगा और इसे राज्य की अग्रणी नगर पंचायतों में शामिल किया जाएगा।

इस दिशा में 6 करोड़ रुपये की निधि स्वीकृत की गई है। नगर पंचायत प्रशासक श धनंजय बोरीकर ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना टप्पा 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी और बताया कि हर पात्र व्यक्ति को इस योजना के तहत घर मिलेगा। जनसंवाद में 110 समस्याओं का मौके पर समाधान इस जनसंवाद






कार्यक्रम में विधायक ठाकुर ने नागरिकों से सीधे संवाद किया। स्थानीय नागरिकों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं जैसे नाली निर्माण, जल निकासी, बिजली, पेयजल, राशन वितरण, खेल मैदान, सड़क सुधार, सीसीटीवी, आदि से अवगत कराया। इस पर विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तत्काल चर्चा कर 110 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों की अर्जियाँ लेकर उनके दस्तावेज पूरे कर उन्हें लाभ प्रदान करें। आदर्श बाजार और सड़क परियोजनाओं की जानकारी विधायक ने बताया कि कोंढाली के दैनिक और साप्ताहिक बाजार को आदर्श बाजार के रूप में विकसित करने की योजना है, जिसे मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजमार्ग और वर्धा टी-पॉइंट जैसी समस्याओं के समाधान के लिए केंद्रीय मंत्री श्री नितीन गडकरी से मुलाकात कर, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को घटनास्थल पर निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया है।

### मौजूद रहे ये लोग

कार्यक्रम में काटोल के उपविभागीय अधिकारी पियूष चिवंडे, नायब तहसीलदार भागवत पाटील, लोक निर्माण, बिजली, नगर परिषद और अन्य विभागों के अधिकारी, काटोल पंचायत समिति के पूर्व सभापति शेषराव चाफले, उपसभापति योगेश चाफले, तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिकारी श्री नामदेवराव बारई ने किया और आभार प्रदर्शन श्री विशाल काळबांडे द्वारा किया गया।

# नागपुर जिला सचिव पद पर अतुल शेंडे की नियुक्ति

## > राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को मिला नया युवा नेतृत्व



**वाडी.**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने नागपुर जिले में संगठन को और मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अतुल शेंडे को नागपुर जिला सचिव (चिटणीस) पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के नागपुर जिलाध्यक्ष शिवराज बाबा गुजर द्वारा की गई, जिन्होंने अतुल शेंडे पर अपना विश्वास जताते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी।

इस अवसर पर अतुल शेंडे ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजितदादा पवार, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष प्रफुल पटेल एवं प्रदेशाध्यक्ष सुनील तटकरे के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने जिलाध्यक्ष शिवराज बाबा गुजर का मन:पूर्वक आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे इस जिम्मेदारी पर खरे उतरेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। नियुक्ति के दौरान कई प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें शहराध्यक्ष प्रशांत दादा पवार, नागपुर जिला युवक अध्यक्ष सचिन चव्हाण, नागपुर जिला वैद्यकीय सेल अध्यक्ष मनोज खराडे, हिंगना अध्यक्ष वीरू सिंग तोमर, उमरेड विधानसभा अध्यक्ष पुंडलिक राऊत, वाडी शहर अध्यक्ष अमित तायडे सहित अन्य गणमान्य कार्यकर्ता शामिल थे। इस नियुक्ति से जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और सभी ने अतुल शेंडे को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# भोजनदान कार्यक्रम कर मनाई आंबेडकर जयंती

**कामठी.**

डॉ.बाबासाहब आंबेडकर जयंती उत्सव समिति की ओर से बुधवार को चितरंजन नगर, रेलवे स्टेशन रोड पर भोजनदान कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई।

कार्यक्रम का आयोजन भदंत डॉ. बुद्धरत्न संबोधी महाथेरो की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों को भोजन वितरित किए।

इस अवसर पर भदंत डॉ. बुद्धरत्न संबोधी महाथेरो सहित भिमटेबाई,



वासनिकभाऊ, सुखदेवबाई, सभी बौद्ध उपासक व उपासिकाएं आदि ने बाबासाहब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भदंत डॉ. बुद्धरत्न संबोधी महाथेरो ने कहा कि हमें बाबासाहब के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए और लोगों की मदद करनी चाहिए।

# खापरखेड़ा थर्मल पावर स्टेशन की सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल

## > सीसीटीवी में कैद हुई घटना
## > यूनियन लीडर ने ऑन-ड्यूटी सुरक्षा गार्ड से की मारपीट

**खापरखेड़ा.**

खापरखेड़ा थर्मल पावर स्टेशन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। 11 अप्रैल को यहां एक यूनियन लीडर द्वारा ऑन-ड्यूटी सुरक्षा गार्ड से मारपीट की घटना सामने आई है। यह घटना थर्मल पावर स्टेशन के मुख्य सुरक्षा प्रबंधक कार्यालय के सामने घटित हुई, जो परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हुई है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

गौरतलब है कि थर्मल पावर स्टेशन की सुरक्षा यूनिटी सिक्योरिटी फोर्स नामक निजी एजेंसी को सौंपी गई है। यूनियन लीडर खुद इसी एजेंसी में बतौर



सुरक्षा गार्ड कार्यरत है। जानकारी के अनुसार, घटना के दिन वह "सी" शिफ्ट में ड्यूटी पर नहीं था, फिर भी वह बाइक से स्टेशन परिसर में दाखिल हुआ और वहां तैनात एक सुरक्षा गार्ड पर हमला कर दिया। गाली-गलौच और मारपीट की यह घटना न केवल परिसर की सुरक्षा पर सवाल उठाती है, बल्कि यूनियन और सुरक्षा एजेंसी के बीच संबंधों को भी उजागर करती है।

खापरखेड़ा थर्मल पावर स्टेशन देश की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संपत्ति है, जहां पूर्व में भी कई गंभीर घटनाएं घट चुकी हैं। दिलीप आंबेकर हत्याकांड और एक पुलिसकर्मी द्वारा अपनी पत्नी पर सतूर से हमले की घटनाएं पहले ही सुरक्षा पर सवाल खड़े कर चुकी हैं। वायरल वीडियो में यूनियन लीडर साफ तौर पर गार्ड पर हमला करते हुए दिखाई दे रहा है, बावजूद इसके उसके खिलाफ अब तक कोई पुलिस शिकायत दर्ज नहीं की गई है। यूनिटी सिक्योरिटी फोर्स ने संबंधित लीडर और गार्ड को नोटिस जारी किया है, लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि क्या थर्मल पावर स्टेशन के सुरक्षा अधिकारी जानबूझकर आरोपी लीडर को बचाने की कोशिश कर रहे हैं? कुछ दिन पहले ही पावर स्टेशन परिसर में ठेका कर्मियों और अधिकारियों के बीच झड़प की घटना भी सामने आई थी, जिसके बाद खूनखराबे जैसे मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज की गई थी।

इन घटनाओं से यह साफ होता है कि खापरखेड़ा थर्मल पावर स्टेशन में सुरक्षा को लेकर गंभीर खामियां हैं। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर क्या कदम उठाते हैं और क्या वाकई दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होती है या नहीं।

### हल्दी कार्यक्रम में गई महिला के घर से 12 लाख की चोरी

**नागपुर.** यशोधरानगर थानाक्षेत्र में दिनदहाड़े एक बंद घर को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने करीब 12 लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित महिला अपने रिश्तेदार के यहां हल्दी समारोह में शामिल होने गई थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुमन दुर्गादास पेंदाम (55), निवासी रानी दुर्गावती नगर, आदिवासी कॉलोनी, 17 अप्रैल को दोपहर करीब 1:30 बजे अपने पाचपावली स्थित रिश्तेदार के यहां हल्दी कार्यक्रम में गई थीं। जब वे शाम 4:30 बजे घर वापस लौटीं तो उन्होंने देखा कि घर का मुख्य दरवाजे का ताला और कुंडी टूटी हुई है। भीतर जाकर देखने पर पता चला कि अज्ञात चोरों ने बेडरूम की अलमारी से ₹15,000 नगद और सोने-चांदी के कीमती गहनों समेत कुल ₹12 लाख रुपये का माल चोरी कर लिया है।

# मस्के को तालुका शिवसेना अध्यक्ष पद पर उद्धव ठाकरे ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**कन्हान.**

शहर के युवा नेता गणेश मस्के की पारशिवनी तालुका शिवसेना अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पर शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा मुंबई स्थित मातोश्री कार्यालय में नियुक्ति पत्र दिया गया।

गौरतलब है कि पारशिवनी क्षेत्र अंतर्गत शिवसेना को पक्ष को और अधिक मजबूती प्रदान करने हेतु तथा आगामी सभी स्थानीय निकायों के चुनाव तथा नगर परिषद के चुनाव को देखते हुए शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे ने युवा जुझारू नेता गणेश मस्के के जन सहयोग



के कार्यों को देखते हुए पारशिवनी तालुका शिवसेना अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पत्र सौंप कर पक्ष को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। गणेश मस्के की शिवसेना पारशिवनी तालुका अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के पश्चात मुंबई से शहर आगमन पर जिले के शिवसेना के वरिष्ठ पदाधिकारियों व बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा शुभकामना देकर अभिनंदन किया गया।

# वाल्मीकि नगर में मनाई गई आंबेडकर जयंती



**कामठी.**

महालक्ष्मी रचना बहुउद्देशीय संस्था कामठी की ओर से वाल्मीकि नगर में महामानव भारतरत्न डॉ. भीमराव बालासाहब आंबेडकर की 134 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें प्रमुख रूप भारतीय जनता पार्टी नागपुर ज़िला मंत्री और अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा आयटी सेल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक दि5नेश बिल्लरवान के हस्ते डॉ.आंबेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण कर सामूहिक अभिवादन किया गया।

तत्पश्चात डॉ. बाबासाहब जयंती झांकी शोभायात्रा में पेयजल की बोतल बांटी गई। कार्यक्रम के सफलतार्श संस्था के अध्यक्ष रोहन बिल्लरवान, अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा राष्ट्रीय सहसचिव सौ. रचना बिल्लरवान, निलेश आदिवान, बंटी आदिवान, पिंटू करोसिया, नेहा आदिवान, अतीश यादव, रवि उज्जैनवार, नितिन बिल्लरवान, राखी करोसिया, रोहित बिल्लरवान, सोनी बिल्लरवान सहित वाल्मीकि नगर के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता प्रमुखता से उपस्थित रह कर कड़ी मेहनत किए।

# चोरों के आतंक से निजात दिलाने चवरे ने की पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

**कन्हान.**

कन्हान पुलिस थाने के अंतर्गत जूनी कामठी गांव में बढ़ती चोरों के आतंक से परेशान क्षेत्रवासियों ने अपने हाथों में लाठियां उठा ली हैं। क्षेत्रवासी रातभर हाथों में लकड़ियां लेकर पहरा दे रहे हैं। चौंकाने वाली बात ये है कि पुरुषों के साथ पहरा देने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इस क्षेत्र में बढ़ती चोरियों और चोरों के आतंक से लोगों में दहशत व्याप्त है। उपरोक्त आरोप लगाते हुए ग्राम संरक्षण दल महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष, नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी महिला सभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष माया चवरे नागपुर ज़िला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. हर्ष पोद्दार को ज्ञापन सौंपकर बताया कि पिछले कुछ दिन से रोजाना क्षेत्रवासी हाथों में लकड़ियां लेकर पहरा दे रहे हैं और गली-गली घूम रहे हैं। चोरों के आतंक से परेशान होकर महिलाओं ने भी लकड़ियां उठा ली है और हाथों में लकड़ियां लेकर रात को पहरेदारी करती हैं। ज्ञात हो कि माया चवरे ने बताया



कि इस गांव में डर का माहौल बन गया है। गांव में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है और ग्रामीण रात-रात भर सो नहीं रहे हैं क्योंकि इस गांव में चोर घूम रहे हैं। जिसमें 8 से 10 लोगों का एक गिरोह है। काले हाफ पैंट और काली बनियान पहने हुए ये लोग किसी को नहीं मिल रहे हैं, लेकिन कई लोगों ने इन्हें देखा है और ये किसी के भी घर के पीछे छिपे रहते हैं। फिलहाल गांव में कोई चोरी या डकैती नहीं हुई है। लेकिन गांव की महिलाएं, पुरुष, छोटे बच्चे और युवा सभी डर के कारण रात-रात भर सो नहीं रहे हैं। पिछले 8 दिनों से यह सब चल रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि गांव में कुछ दिनों के लिए एक पुलिस चौकी दी जाए और गांव में गश्त बढ़ाई जाए। जिस पर पुलिस अधीक्षक डॉ. हर्ष पोद्दार द्वारा पुलिस गश्त बढ़ाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया।

इस मौके पर कमल मोरेश्वर मारबते, कमला खंगाते, कौशल्या केवर, अरुण देवराव तांडेकर, सुमित्रा सुरेश मारबते, जयशीला प्रेमदास बावने, रोशनी सुभाष बेले, कमला दिगंबर सायरे, निशा रंगराव देवगड़े, निर्मला गोपाल मालते, योगिता पांडुरंग वानखेड़े, मीरा देवानंद खुमरे, हीरा कावले, अरविंदा शेंडे, लता बोरकर, शीला गजभिए आदि महिलाएं प्रमुखता से मौजुद रहीं।

# दुधला-बिहालगोंदी से गणेशपुर तक सड़क पर गड्ढों का साम्राज्य

## > जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने की मरम्मत की मांग

**कोंढाली.**

दुधला-बिहालगोंदी से लेकर गणेशपुर तथा श्री क्षेत्र भवानी माता मंदिर चौकीगढ़ तक की लगभग चार किलोमीटर लंबी सड़क की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। यह सड़क पक्की होने के बावजूद अब गड्ढों से भरी पड़ी है, जिससे यात्रा करना वाहन चालकों के लिए जोखिम भरा बन गया है।

धार्मिक अवसरों पर श्री भवानी माता मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं, जो दोपहिया और चारपहिया वाहनों से यात्रा करते हैं। वहीं, यह मार्ग किसानों, मजदूरों और आम यात्रियों के लिए भी प्रमुख संपर्क मार्ग है। लेकिन सड़क की जर्जर हालत के चलते अब तक कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने बताया कि गंभीर और घातक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए इस सड़क की मरम्मत





तत्काल कराना आवश्यक है। यह मार्ग लोक निर्माण विभाग, काटोल उपविभाग (राज्य) के अंतर्गत आता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी कहना है कि सड़क की हालत बदतर होती जा रही है और इसकी मरम्मत कराना अत्यंत आवश्यक है। बताया गया है कि विभाग को पहले ही इस समस्या की जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन निधि की कमी के कारण अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। दुधला के सरपंच प्रकाश गुजर, बिहालगोंदी की उपसरपंच ज्योत्स्ना मरकाम, किसान शाम बागडे, निखील जयसवाल सहित कई नागरिकों और भाविकों ने भवानी माता चौकीगढ़ मार्ग की मरम्मत की मांग की है। अब देखना यह होगा कि लोक निर्माण विभाग इस ज्वलंत समस्या पर कब तक ध्यान देता है और श्रद्धालुओं, किसानों और नागरिकों को राहत कब मिलती है।

# जीआरपी की बड़ी कामयाबी

## > 145 चोरी हुए मोबाइल मालिकों को लौटाए

**नागपुर.** नागपुर लोहमार्ग पुलिस (जीआरपी) ने मोबाइल चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका नारनवरे के मार्गदर्शन में की गई सघन जांच के तहत 145 चोरी गए मोबाइल बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, डॉ. नारनवरे ने लंबित मामलों को प्राथमिकता देते हुए विशेष जांच के निर्देश दिए थे। इस मुहिम के तहत जीआरपी की क्राइम ब्रांच, डीबी स्क्वॉड और थाना टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए जनवरी 2025 से अब तक कुल 49,05,716 रुपये का चोरी का माल बरामद किया है। इनमें ट्रेन, रेलवे स्टेशन और परिसर से चोरी हुए 145 मोबाइल शामिल हैं। खास बात यह रही कि कई ऐसे मोबाइल भी आरोपियों के पास से मिले, जिनकी चोरी की शिकायत दर्ज नहीं थी। फिर भी, पुलिस ने मोबाइल नंबर और आईएमईआई नंबर की मदद से उनके मालिकों का पता लगाया और उन्हें उनके फोन वापस किए।


डॉ. प्रियंका नारनवरे ने इस सफलता पर पूरी टीम का अभिनंदन करते हुए कहा कि नागरिकों के विश्वास को बनाए रखना ही पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जीआरपी नागपुर की इस पहल की शहर भर में सराहना हो रही है।

# सरपंच साबरे के प्रयासों डेढ़ करोड़ की लागत से पानी टंकी का होगा निर्माण

## > साथ ही अन्य विकास कार्यों के लिए ढाई करोड़ रुपए मंजूर

**कामठी .**

रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे के प्रयासों से ग्राम पंचायत रणाला ग्राम पंचायत अंतर्गत बजरंग नगर, बालाजी नगर, नवीन बस्ती में जल जीवन मिशन के तहत डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से पानी टंकी निर्माण के साथ ही गांव के लिए मंजूर किए गए ढाई करोड़ रुपए अन्य विकास कार्य कराया जाएगा। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद



हर घर को साफ पानी मिलने लगेगा। ग्राम सरपंच पंकज साबरे की मांग पर राजस्व मंत्री, पालकमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने विकास कार्यों की सौगात भी दी।

सरपंच पंकज साबरे ने कहा कि पानी टंकी का निर्माण होने के साथ ही पाइपलाइन का विस्तार हो जाएगा। इससे ग्रामीणों के घरों तक साफ पानी की सप्लाई हो सकेगी। इसका सबसे ज्यादा फायदा महिलाओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

# वृद्ध महिला से 8.93 करोड़ की धोखाधड़ी

## > बिल्डर के खिलाफ मामला दर्ज

**नागपुर.**

प्रतापनगर थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें एक 66 वर्षीय महिला से करोड़ों की ठगी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नलिनी सतीशचंद्र बुटे पावनभूमि, वर्धा रोड, सोमलवाड़ा निवासी के नाम पर स्वालंबी नगर, प्रोसेस सर्व्हर कॉलोनी स्थित खसरा नंबर 91/1, पहन 44, घर क्रमांक 4196/A यह वडीलोपार्जित संपत्ति है। इस स्थान पर फ्लैट स्कीम तैयार करने के लिए उन्होंने प्रयागराज डेवलपर्स के मालिक शशांक




गोविंदप्रसाद पांडे (54 वर्ष, निवासी सुंदर अपार्टमेंट, अजनी) के साथ विकास का करार किया था। समझौते के अनुसार, इस परियोजना में निर्मित 14 फ्लैट फिर्यादी को मिलने थे। लेकिन 30 जुलाई 2015 से 31 जनवरी 2024 के बीच आरोपी ने निर्माण कार्य पूरा कर फिर्यादी को फ्लैट सौंपने के बजाय, उनके विश्वास का दुरुपयोग कर, वही फ्लैट अन्य लोगों को बेच दिए। इस तरह आरोपी ने फिर्यादी को करीब 8 करोड़ 93 लाख 30 हजार रुपए की चपत लगाई। फरियादी द्वारा की गई शिकायत और प्राथमिक जांच के आधार पर प्रतापनगर पुलिस स्टेशन में सहायक पुलिस निरीक्षक चरडे द्वारा आरोपी के धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# खेलते समय गैलरी से गिरा मासूम, इलाज के दौरान मौत

**नागपुर.**

वाठोड़ा थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। बुधवार, 17 अप्रैल 2025 को सुबह 10:30 से 11:00 बजे के बीच, बिडगांव आराधना नगर, वाठोड़ा में किराये पर रहने वाले अमोल सुनील तोटे अपने परिवार के साथ गंगा सेलिब्रेशन के सामने स्थित प्लॉट नंबर 54, दुर्गा नगर में किराये की एक रूम देखने गए थे।

इस दौरान उनका ढाई वर्षीय बेटा सारंग अमोल तोटे खेलते-खेलते गैलरी की रेलिंग से नीचे गिर गया। गिरने के कारण उसके सिर पर गंभीर चोट आई।

तुरंत उसे इलाज के लिए ओरबिट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने शाम 5:30 बजे उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल वाठोड़ा पुलिस थाने में पोउपनि तिडके ने इस मामले में अकस्मात मृत्यु की रिपोर्ट दर्ज की है और आगे की जांच जारी है। इस दुखद घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

# सूरज देव का कहर अकोला का तापमान पहुंचा 44°

## > प्रशासन ने जारी की चेतावनी

**अकोला.**

शहर ने एक बार फिर गर्मी के मामले में राज्य में सबसे ऊपर अपनी जगह बना ली है। गुरुवार को अकोला का तापमान 44.01 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस सीजन में अब तक का सबसे अधिक दर्ज किया गया तापमान है। इससे पहले 7 अप्रैल को भी अकोला ने 44.2 डिग्री तापमान के साथ राज्य में सबसे गर्म शहर का दर्जा हासिल किया था।



तेज धूप और झुलसाने वाली गर्मी के कारण दोपहर के समय अकोला की सड़कें सुनसान हो जाती हैं। बाजारों में रौनक कम हो गई है, और लोग आवश्यक कामों को भी टालने लगे हैं।

स्थानीय निवासी राजेश पाटिल बताते हैं, "दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, गर्म हवा से सांस लेना भी भारी लगने लगा है। बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने से रोक रहे हैं। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें, अधिक मात्रा में पानी पिएं और हल्के सूती कपड़े पहनें।

सरकारी अस्पतालों में लू से प्रभावित मरीजों के लिए विशेष वार्ड और उपचार सुविधा तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी अजित कुंभार ने शालेय विद्यार्थियों को लू से बचाने के लिए स्कूलों के समय में परिवर्तन करने का आदेश जारी कर दिया है। यह कदम बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है।

### ऐसे में लोगों से सतर्क रहने की अपील

ऐसे में लोगों से सतर्क रहने और सभी जरूरी एहतियात बरतने की अपील की गई है। अकोला की तपती गर्मी न सिर्फ तापमान के आंकड़ों में नजर आ रही है, बल्कि यह आम जनजीवन को भी बुरी तरह प्रभावित कर रही है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर हैं, लेकिन इस भीषण गर्मी से राहत फिलहाल दूर दिखाई दे रही है।

# कनक झिल्टे ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में पाई सफलता, नगर में खुशी की लहर

**हिंगनघाट.**

होनहार छात्रा कनक दिनेश झिल्टे ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए नवोदय विद्यालय, सेलू काटे (जिला वर्धा) की प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। कनक अब नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं से अपनी आगे की पढ़ाई करेगी।

भारतीय विद्या भवन, हींगनघाट की 8वीं कक्षा की छात्रा कनक शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। उसकी इस उपलब्धि से परिवारजनों सहित पूरे नगर में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है। कनक के पिता एडवोकेट दिनेश झिल्टे नगर के जाने-माने अधिवक्ता व नोटरी हैं। वे पूर्व में अतिरिक्त सरकारी वकील के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। कनक की माता एक संस्कारी एवं समर्पित गृहिणी हैं, जिन्होंने कनक की पढ़ाई में हर संभव सहयोग देकर उसकी सफलता की नींव रखी। अपनी इस उपलब्धि पर उत्साहित कनक ने कहा कि उसका सपना भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाकर देश और समाज की सेवा करना है। उसने अपनी सफलता



का श्रेय विद्यालय की प्राचार्य धरती तमग़ीरे, शिक्षक विनोद जाँभुलकर तथा अन्य सभी शिक्षकों को दिया है।

कनक की इस शानदार सफलता पर नगर के वरिष्ठ अधिवक्ताओं एड. इब्राहिम हबीब बख़्श, एड. स्नेहल मून, एड. ग़मे, एड. मसारकर, एड. ढेकले सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उसे शुभकामनाएं दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# तीन दिवसीय उन्नत तकनीक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन संपन्न

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का सपना देखना चाहिए : जया सतीश अंभोरे

**वर्धा.**

महाराष्ट्र ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा वर्धा के हुतात्मा स्मारक में आयोजित तीन दिवसीय उन्नत तकनीक प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर नागपुर स्थित निर्मिक ग्रामीण विकास बहुउद्देशीय संगठन की अध्यक्ष एवं समाजसेवी जया सतीश अंभोरे ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ताइक्वांडो खिलाड़ियों को बड़े सपने देखने चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का लक्ष्य रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो जैसे खेल न सिर्फ शरीर और मन को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि सुरक्षा और चपलता भी प्रदान करते हैं। यह खेल एक ऐसी पीढ़ी तैयार करता है जो राष्ट्र की शक्ति का प्रतिनिधित्व कर सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रवींद्र चांदेकर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सतीश अंभोरे, कराटे डू एसोसिएशन के राष्ट्रीय सलाहकार इमरान राही, सेना ताइक्वांडो पदक विजेता बजरंग वानखेड़े, लायंस क्लब के



पूर्व अध्यक्ष विजय सत्यम, आप्टेडू अकाडा के अध्यक्ष मोहन मोहिते, ताइक्वांडो खेल संघ की सलाहकार एडवोकेट स्वाति गेडे, स्पोर्ट एसोसिएशन की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती लीला वाघ, नारायण वाघड़े, अध्यक्ष सिहान उल्हास वाघ तथा समाजसेवी नामदेव अघाड़े सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

अपने अध्यक्षीय भाषण में वरिष्ठ पत्रकार रवींद्र चांदेकर ने कहा कि युवाओं में आत्मविश्वास उत्पन्न करने के लिए ताइक्वांडो जैसे खेल को बढ़ावा देना समय की मांग है। वर्धा जिले में राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है जिससे आत्मरक्षा में सक्षम और आत्मनिर्भर युवा पीढ़ी का निर्माण किया जा सके। कार्यक्रम की प्रस्तावना इमरान राही ने की, संचालन अमोल मानकर ने किया और आभार प्रदर्शन सिहान उल्हास वाघ ने किया। इस शिविर को सफल बनाने में साहिल वाघ, वेदांत चौधरी, अभिजीत परगांवकर, सुनील पाटिल, संजय अत्रम, संग्राम मोहिते, विक्रांत गव्हाणे, राघव दोडके, चिंतामन सागरकर, प्रमोद पांडे, विलास सनखेड़े, युवराज पाहुने, श्रीमती शीतल लाजुरकर, रेखा वाघ, कल्याणी पाटिल, आशुतोष चौहान, प्रेम कंवर, आर्यन चापेकर, तनवी पांडे, धनश्री दास, वैष्णवी पांडे, मिहिर वाघ आदि का विशेष योगदान रहा।

# नानाजी देशमुख कृषि संजीवनी परियोजना के अंतर्गत आंजती में विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन

**हिंगनघाट.**

नानाजी देशमुख कृषि संजीवनी परियोजना (चरण-2) के अंतर्गत ग्राम आंजती में ग्राम स्तरीय जलवायु अनुकूल योजना के निर्माण हेतु 15 अप्रैल से 5 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न जनजागृति और सहभागिता आधारित गतिविधियों का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मशाल रैली से हुई, जिसका आयोजन उपविभागीय कृषि अधिकारी एस.एस. तोरणे एवं तालुका कृषि अधिकारी एस.डी. सुतार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए सरपंच सिमा देवढे की अध्यक्षता में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस बैठक में मंडल कृषि अधिकारी कु. पी.पी. शेणवी, कृषि पर्यवेक्षक एम.डी. वालके, कृषि



सहायक साक्षी देशमुख, पोखरा समन्वयक अजय सोरदे, तलाठी वैभव लढी एवं ग्राम कृषि विकास समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। प्रभातफेरी, श्रमदान, जलतारा निर्माण, शिवार फेरी, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता, कुआं निरीक्षण, मृदा नमूनाकरण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को जलवायु अनुकूल कृषि, जल प्रबंधन और जैविक खेती के प्रति जागरूक किया गया। प्रभातफेरी में जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय, आंजती के विद्यार्थियों, ग्रामीणों, स्थानीय नेतृत्वकर्ताओं, शिक्षकों और कृषि विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। रैली ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गुज़री। रैली में "टिकाऊ कृषि - समृद्ध किसान" जैसे प्रेरणादायक नारों, सूचना बोर्डों, होर्डिंग्स और पोस्टरों के माध्यम से परियोजना के उद्देश्यों का प्रचार-प्रसार किया गया। गांव में पर्यावरण संरक्षण, जल स्त्रोतों का उपयोग, फसल विविधता और जैविक खेती से संबंधित जानकारी भी साझा की गई। गांव के प्राकृतिक संसाधनों, फसलों की स्थिति और जल स्त्रोतों को चिह्नित करते हुए ग्रामीणों की भागीदारी से एक नक्शा तैयार किया गया, जो आगामी जलवायु अनुकूल योजना के लिए आधार बनेगा। मंडल अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक, सहायक और पोखरा समन्वयकों ने इस दौरान ग्रामीणों को परियोजना से अधिकतम लाभ लेने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संभाजी देवढे, मारुति देवढे, मुकेश भगत, गजानन ढगे, किशोर वाघमारे, सारिका भस्मे, आशा कोल्हे, शुभांगी भालकर, संगीता मोहोड़, प्राचार्य आवारी, नारायण टेकाम, गुरुदास देवले, तेजस देवढे, अशोक भगत, गणेश गलांडे सहित ग्राम कृषि विकास समिति, स्वयं सहायता समूह, स्वयंसेवकों, किसानों, महिलाओं और विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन ने गांव में जलवायु अनुकूल कृषि के प्रति चेतना जागृत करने में अहम योगदान दिया।

# डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 134वीं जयंती पर भव्य शोभायात्रा, राष्ट्रवादी कांग्रेस ने किया स्वागत

**हिंगनघाट.**




भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न महामानव डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 134वीं जयंती पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर के विभिन्न वार्डों से भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनका राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार गट) की ओर से सन्मान चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया गया।

राष्ट्रवादी चौक, हिंगनघाट में प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले के नेतृत्व में दिव्य और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा को पुष्पहार अर्पित कर की गई। यह पुष्पांजलि जिलाअध्यक्ष सुनील राऊत, प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले, सहकार नेता वासुदेव गौलकार, जिल्हा सरचिटणीस दशरथ ठाकरे, शहराध्यक्ष बालू वानखेडे, समाजसेवक सुनील डोंगरे सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा की गई। इस वर्ष डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शहर से कुल 13 शोभायात्राएं निकाली गईं। इन सभी शोभायात्राओं के अध्यक्षों और सदस्यों का स्वागत शाल, श्रीफल और सन्मान चिन्ह भेंट कर प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले ने किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गट) के विधानसभा बूथ अध्यक्ष अमोल बोरकर, विजय तामगाडगे, ॲड. दिनेश झिलटे, सिद्धार्थ मस्के, रवी डेकाटे, रवी गिरसावले, सुनील भुते, राजू मेसेकर, मीना सोनटक्के, दिपाली रंगारी, आंचल वकील, किशोर चांभारे, जितेंद्र रघाटाटे, परम बावणे, सुनिल घोडखांदे, प्रवीण भूते, बच्चू कलोडे, कुणाल येसंबरे, नितीन भुते, सुभाष सोयाम, करीम खान, पत्रकार नदीम भाई, और अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की भव्यता, उत्साह और सामाजिक एकता की भावना ने एक आदर्श प्रस्तुत किया, जो डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों को समर्पित था।

# एसओएस कब्स में ग्रेजुएशन डे हर्षोल्लास से संपन्न

## छोटे स्नातकों ने बाँटी अपनी यादें, गूंजा भावनाओं से भरा ग्रेजुएशन गीत

**हिंगनघाट.**

एसओएस कब्स हिंगनघाट में 17 अप्रैल को किंडरगार्टन ग्रेजुएशन डे बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. दीपाली बोंडे की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई, जहां ज्ञान और शिक्षा के लिए आशीर्वाद मांगा गया। इसके बाद केजी-2 के नन्हे स्नातकों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने अपने स्कूल जीवन की मीठी यादें साझा कीं और एक मधुर ग्रेजुएशन गीत गाकर भावनात्मक माहौल बना दिया।




बच्चों ने कक्षा पहली में प्रवेश लेने से पहले एक प्रेरणादायी शपथ भी ली, जो उनके नए शैक्षणिक सफर की शुरुआत को चिह्नित करती है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा दीक्षांत समारोह, जिसमें प्रत्येक छात्र को उनकी कक्षा शिक्षिका द्वारा व्यक्तिगत प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, जिसमें उनके विशेष गुणों और प्रगति की सराहना की गई। स्कूल की प्राचार्या सुश्री शिल्पा चव्हाण ने छोटे स्नातकों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। स्कूल सुपरवाइजर ममता दायमा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सतत् सीखते रहने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप जोशी ने अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में उनके सहयोग और विद्यालय के प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास और भावनात्मक पलों के साथ हुआ, जहां अभिभावकों ने स्कूल स्टाफ के समर्पण की खुले दिल से सराहना की। ग्रेजुएशन डे एसओएस कब्स हिंगणघाट के लिए एक अविस्मरणीय अवसर बन गया, जिसमें शिक्षा, स्नेह और विकास की यात्रा को उत्सव के रूप में मनाया गया।

# गिरड़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अवैध पशु तस्करी करते हुए वाहन जब्त, 10 गायों को बचाया गया

**गिरड़.**

गिरड़ पुलिस ने वध के लिए ले जाए जा रहे 10 गायों को बचाने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कोरा रोड पर एक अपंजीकृत बोलेरो पिकअप वाहन को चतुराई से पकड़कर उसमें से 10 जीवित गायों को बरामद किया। इन गायों को सुरक्षित रूप से हिंगणघाट स्थित जीवनरक्षक फाउंडेशन में भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17 अप्रैल की सुबह करीब 5 बजे गिरड़ पुलिस स्टेशन के थानेदार विकास गायकवाड़ गश्त पर थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि नंदोरी मार्ग की ओर एक वाहन में अवैध रूप से गायों की तस्करी की जा रही है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने कोरा टी-पॉइंट पर नाकाबंदी की और वहां संदिग्ध वाहन को रोका। जांच के दौरान वाहन से 10 जीवित गायें बरामद हुईं। पुलिस ने कोरा निवासी सूर्यकांत महादेव राऊत को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा आरोपी हिंगणघाट निवासी आजम कुरैशी पुलिस को देखकर फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप वाहन समेत कुल 7 लाख 5 हजार रुपए का सामान जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच थानेदार विकास गायकवाड़ के मार्गदर्शन में की जा रही है।

यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित के निर्देशन में थानेदार विकास गायकवाड़, पुलिस उपनिरीक्षक गोमेद पाटिल, मनोज पानचोरे एवं चापोशी मोरे की टीम ने की।

गिरड़ पुलिस की यह कार्रवाई पशु तस्करी के खिलाफ एक कड़ा संदेश मानी जा रही है।



# इंदोरा में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा डॉ. बाबासाहब आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई

**नागपुर.** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की विदर्भ प्रदेश इकाई द्वारा इंदोरा, नागपुर में भारत रत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक भव्य रैली का आयोजन कर डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जयंती समारोह के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्नेह भोज एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक प्रकार के व्यंजनों का वितरण कर लोगों को सेवा भावना का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में विदर्भ प्रदेश अध्यक्ष सतीश लोणारे के नेतृत्व में रैली निकाली गई और भोजन वितरण का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विदर्भ उपाध्यक्ष मनोहर गणेर रहे। इनके साथ ललितराव देशमुख (अध्यक्ष, तिरुपती पत संस्था) अमृता सतीश लोणारे (अध्यक्ष, ऐश्वर्या बहुउद्देशीय संस्था), ओमकार अंबादे (पार्टी नेता), अमन मेश्राम, विनोद रामटेके, शिशुपाल कोल्हटकर (यूसीएन बुध्दा चैनल प्रमुख), हार्दिक लोणारे, केशव तितरे, विरेंद्र मेश्राम (कार्यकारी शहर अध्यक्ष, नागपुर), करूणा गणेर, नंदकिशोर ठाकरे (जिला अध्यक्ष), समेत पार्टी के अनेक कार्यकर्ता एवं आंबेडकरी चलवल से जुड़ी हजारों महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

# अमरावती-मुंबई उड़ान का किराया हुआ दोगुना, कई लोग निराश

**अमरावती.**

अमरावती से मुंबई के लिए हवाई यातायात बुधवार को शुरू किया गया। हालाँकि, अमरावती-मुंबई-अमरावती का टिकट किराया कई लोगों के लिए परेशानी का सबब साबित हो रहा है। उद्घाटन के बाद पहली नियमित उड़ान शुक्रवार को होगी। एलायंस एयर का विमान दोपहर 2.30 बजे मुंबई से उड़ान भरेगा और 100 मिनट की यात्रा के बाद शाम 4.05 बजे अमरावती हवाई अड्डे पर पहुंचेगा। यह फ्लाइट मात्र 25 मिनट में यानि शाम 4.35 बजे मुंबई के लिए रवाना होगी।




### 12,999 रुपए दिखाया जा रहा है किराया

वेबसाइट मेक माई ट्रिप 23 अप्रैल तक एक तरफ का किराया 6,810 रुपए दिखा रही है। एक तरफ न्यूनतम किराया 12,999 रुपए दिखाया जा रहा है। अमरावती निवासियों की यह उम्मीद कि हवाई किराया सुपरफास्ट रेल से सस्ता होगा, बिखर चुकी है।

महाराष्ट्र हवाई अड्डा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक स्वाति पांडे ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अमरावती-मुंबई-अमरावती के बीच एकतरफा यात्रा का न्यूनतम किराया सभी करों सहित 2,100 रुपये होगा और अंतिम समय तक अधिकतम किराया 4,000 रुपये रहेगा। बहरहाल, मामला यह नहीं है। कई इच्छुक लोग टिकट बुक करने के लिए मेक माई ट्रिप या एलायंसएयर डॉट कॉम जैसी वेबसाइटों पर जा रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि एलायंस एयर डॉट कॉम की वेबसाइट पर अगले कुछ दिनों में अमरावती-मुंबई उड़ान उपलब्ध नहीं है।

# वरुड (रेलवे) में डॉ. आंबेडकर एवं महात्मा फुले की संयुक्त जयंती

**सेवाग्राम.**

पंचशिल पंच कमेटी, वरुड (रेलवे) की ओर से भारतीय संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर एवं सामाजिक क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा फुले की संयुक्त जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। यह आयोजन नाग मंदिर परिसर, वार्ड नंबर 5, वरुड (रेलवे) में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री मडावी ने की, जबकि दीपक भोंगाडे और प्रफुल्ल कुकडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद भगवान गौतम बुद्ध, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर और महात्मा फुले की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात महिला मंडल द्वारा वंदना प्रस्तुत की गई।

मुख्य अतिथि दीपक घोंगाडे ने भारतीय संविधान की महत्ता एवं नागरिकों के अधिकारों पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं प्रफुल्ल कुकडे ने डॉ. आंबेडकर और महात्मा फुले के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री मडावी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में समावेशी विचारों को विस्तार से प्रस्तुत किया। इसके पश्चात गीत गायन का कार्यक्रम हुआ तथा सभी उपस्थितों को अल्पोपहार (नाश्ता) वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बाबाराव खैरकर ने किया और आभार प्रदर्शन जितेंद्र नाईक ने किया।

इस सफल आयोजन के लिए वासुदेवराव खडतकर, वचनपाल भुजाडे, बंडूजी कांबळे, राजेन्द्र नाईक, बाबु प्रधान, विलास मेंढे, सुरेश गोसावी, खंडारेजी, रितेश खडतकर, सौ. सुनीता नाईक, माधुरी खैरकर, आशा गोसावी, रंजना फुलझेले, पुष्पा खडतकर, स्वाती पाटील, जितेंद्र गोडघाटे, मनीष हजारे और राजेश पाटील ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# महावंश बुद्ध विहार, नेरी पुनर्वसन में मनाई गई ज्योतिबा फुले एवं डॉ. आंबेडकर जयंती

**वर्धा.**

नेरी पुनर्वसन स्थित महावंश बुद्ध विहार में महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास एवं विविध सांस्कृतिक उपक्रमों के साथ मनाई गई।

11 अप्रैल को महात्मा फुले जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलिमा दाहाट ने की। कार्यक्रम में सरपंच प्रवीणा कालपांडे, रूपाली मिरगे, रेखा दहाट, वंदना काळपांडे एवं प्रतिभा टोकसे ने महात्मा फुले के शैक्षणिक, सामाजिक एवं स्त्री-शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रगति मिरगे ने किया जबकि आभार प्रदर्शन पूर्णिमा टोकसे ने किया।

इस अवसर पर बच्चों के लिए प्रश्नमंजूषा, चित्रकला एवं नृत्य स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 14 अप्रैल को डॉ. बाबासाहब अंबेडकर की 134वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता सरपंच प्रवीणा कालपांडे ने की। सामाजिक कार्यकर्ता गौतम पाटिल, सिद्धार्थ नगराले एवं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संविधान निर्माण में योगदान तथा सामाजिक समता के लिए किए गए संघर्षों पर अपने विचार व्यक्त किए।



कार्यक्रम का प्रस्ताविक डॉ. रामकृष्ण मिरगे ने प्रस्तुत किया एवं संचालन नीलिमा दाहाट ने किया। आभार ममता मिरगे ने माना। कार्यक्रम में महावंश बुद्ध विहार संस्था के अध्यक्ष रविंद्र कालपांडे, सचिव बलवंत दाहाट, उपाध्यक्ष सुशील बनसोड़, कोषाध्यक्ष रविदास मिरगे सहित नेरी पुनर्वसन के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस आयोजन को सफल बनाने में युवा कार्यकर्ताओं एवं महिला पदाधिकारियों ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम से पूर्व डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु रैली भी निकाली गई जिसमें नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में भोजनदान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

यह है इंडिया का त्यौहार...

आज के मैच | दोपहर में 3:30 से VS शाम 7:30 से VS



# लीवर डोनर्स हमारे असली हीरो हैं

## > डॉ. स्वप्नील शर्मा का विशेष संदेश

**नागपुर.**

वॉकहार्ट हॉस्पिटल्स के चीफ लीवर ट्रांसप्लांट और एचपीबी सर्जन डॉ. स्वप्नील शर्मा ने विश्व लीवर दिवस 2025 के अवसर पर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जब हम लीवर से जुड़ी बीमारियों की बात करते हैं, तो अक्सर हम मरीजों पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन असली हीरो तो लीवर डोनर्स होते हैं, जिनका योगदान बेहद महत्वपूर्ण और अनमोल है।

वॉकहार्ट हॉस्पिटल्स ने लीवर ट्रांसप्लांट के जीवनदायिनी इलाज के लिए किए गए लीवर डोनर्स के योगदान को प्रमुखता से सामने रखा। डॉ. शर्मा ने बताया कि जीवित डोनर्स और ब्रेन डेड (कैडेवरिक) डोनर्स के योगदान से ही लीवर ट्रांसप्लांट की संभावना बन पाती है। उनका कहना था कि भारत में अंगों की कमी और आर्थिक समस्याओं के कारण लीवर ट्रांसप्लांट के लिए एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है, हालांकि अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

डॉ. शर्मा ने ब्रेन डेड व्यक्ति के परिवार द्वारा अंगदान का निर्णय लेने को मानवता की सबसे ऊँची मिसाल बताया और कहा कि ऐसे डोनर्स और उनके परिवारों का सम्मान हम सबको हमेशा करना चाहिए।



### लीवर डोनर्स का सम्मान अत्यंत महत्वपूर्ण

डॉ. स्वप्नील शर्मा ने विश्व लीवर दिवस पर एक अपील की, जिसमें उन्होंने कहा कि लीवर डोनर्स को हमारे असली हीरो के रूप में सम्मानित किया जाना चाहिए। उनका कहना था कि ये डोनर्स दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए खुद को खतरे में डालते हैं और उनका योगदान अतुलनीय है। वॉकहार्ट हॉस्पिटल्स ने भी "अवयव दान करें, जीवन बचाएँ" का संदेश दिया और लीवर डोनेशन के महत्व को बढ़ावा दिया।

उन्होंने यह भी बताया कि जब कोई व्यक्ति ब्रेन डेड होता है, तो उसके परिवार के लिए अंगदान का निर्णय लेना एक बहुत ही कठिन, लेकिन जीवनदायिनी कदम होता है। डॉ. शर्मा ने लाइव लीवर डोनर बनने के लिए आवश्यक योग्यताओं के बारे में भी बताया। इनमें मिलता-जुलता ब्लड ग्रुप, उम्र 18 से 55 साल के बीच, दिल और फेफड़ों से जुड़ी कोई गंभीर समस्या न होना, सीटी स्कैन में स्वस्थ लीवर, और लीवर का आकार पर्याप्त होना शामिल हैं।

डॉ. शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि लीवर की पुनर्वृद्धि (री-जनरेशन) की प्रक्रिया बेहद सुरक्षित होती है और कुछ हफ्तों में लीवर का आकार लगभग सामान्य हो जाता है।

## सौसर के बीचों बीच बना पुलिया जो सिनेमा टाकीज से सिविल लाइन को जोड़ता हैं पर वह धीरे धीरे पुलिया क्षति गस्त हो रहा है



# सोने नहीं देगा सोने का ये टार्गेट – 2025 में गोल्ड 4000 डॉलर तक! जानिए दिग्गजों के चौंकाने वाले अनुमान

**मुंबई.**

कामाख्या ज्वेल्स द्वारा आयोजित गोल्ड आउटलुक 2025 – तीसरा संस्करण एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बुलियन, ज्वेलरी और बैंकिंग सेक्टर के दिग्गजों ने गोल्ड की कीमतों को लेकर दिलचस्प और विविध राय रखी। कामाख्या ज्वेल्स के एमडी मनोज झा का कहना है, "अगर वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है, तो गोल्ड 4000 डॉलर प्रति औंस तक जा सकता है। लेकिन अगर हालात सामान्य होते हैं तो यह 2700 डॉलर तक भी गिर सकता है।"



भरत सेठ (बटुकभाई संस ज्वेलर्स) ने सबसे बुलिश और दमदार बयान देते हुए कहा, "यह गोल्ड का असली दौर है। निवेशकों का विश्वास, डॉलर की कमजोरी और वैश्विक अनिश्चितता इसे और ऊंचाइयों पर ले जाएगी। मुझे पूरा भरोसा है कि गोल्ड सीधे 4000 डॉलर तक जाएगा। और अगर करेक्शन आता भी है तो 2700 डॉलर से नीचे नहीं जाएगा।" किशोर नार्ने (मोतीलाल ओसवाल) ने कहा, "अमेरिका की राजनीतिक नीतियों, विशेषकर ट्रंप की रणनीतियों, ने डॉलर की विश्वसनीयता को कमजोर किया है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ी है और 4000 डॉलर का लक्ष्य पूरी तरह संभव है।" कुणाल शाह (निर्मल बंग) ने संतुलित रुख अपनाते हुए कहा, "शॉर्ट टर्म में गोल्ड में 2950 डॉलर तक करेक्शन आ सकता है, लेकिन इसके बाद कीमतों में तेज रिकवरी होकर ये 3400-3450 डॉलर तक पहुंच सकते हैं।" अजय केडिया (केडिया एडवाइजरी) का मानना है, "2025 की पहली छमाही गोल्ड के लिए बेहद पॉजिटिव रह सकती है और कीमतें 3600 डॉलर तक जा सकती हैं। हालांकि, साल के दूसरे भाग में कुछ दबाव दिख सकता है और गिरावट के चलते यह 2350 डॉलर तक आ सकता है।"

**निष्कर्ष:** गोल्ड आउटलुक 2025 में विशेषज्ञों के अनुमान ने एक बात तो साफ कर दी है – सोने के बाजार में अगले साल भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। निवेशकों के लिए यह समय सतर्कता और समझदारी से फैसला लेने का है, क्योंकि सोने का यह बुल रन लंबा चल सकता है। अगर चाहो तो इसे सोशल मीडिया या वेबसाइट के लिए छोटा वर्जन भी बना सकता हूँ।

## नानाभाऊ ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

**सौसर.**

प्रदेश भाजपा के निर्देश पर सौसर विधानसभा क्षेत्र में गांव चलों बस्ती चलों अभियान अंतर्गत गांव-गांव पहुचकर हितग्राही मूलक योजना, लोगों की समस्याओं को सुनने का कार्य किया जा रहा है। गांव चलों बस्ती चलों अभियान के तहत पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड के नेतृत्व में नेता एवं कार्यकर्ताओं के दल ने शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं शासकीय माध्यमिक शाला का औचक निरीक्षण किया गया। शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 9 वी एवं 11 वी के अंग्रेजी माध्यम में बच्चों के प्रवेश नही होने पर पूर्व मंत्री मोहोड द्वारा प्राचार्य सहित स्टॉफ को जमकर लगाई। साथही अंग्रेजी माध्यम का व्यापक प्रचार-प्रसार करके



विद्यार्थियों की संख्या बढाने के निर्देष दिये। वही शासकी माध्यमिक शाला में भी पहुचकर दर्ज संख्या, पाठयक्रम आदि के बारे में प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यालय में पदस्थ एक शिक्षक की कार्यप्रणाली को लेकर भी पालकों द्वारा रोष व्यक्त किया गया। जिसका पंचनामा तैयार कर विभाग को भेजने के निर्देष दिये। अवसर पर जनपद सदस्य डॉ गुलाब पांडे, भाजपा नेता राजेन्द्र भक्ते, मोरेश्वर मर्सकोले, मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल, उपसरपंच संतोष चौधरी आदि उपस्थित थे।

## शराब दुकान हटाने की मांग पर स्कूल प्रबंधन ने दिया स्मरण पत्र




**सौसर.**

नगर के मोहगांव मार्ग पर स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल के संचालक ने स्कूल के पास स्थित शराब दुकान और आसपास की गुमटियों को हटाने की मांग को लेकर प्रशासन को द्वितीय स्मरण पत्र सौंपा है। स्कूल प्रबंधन ने इसी मांग को लेकर विगत दिनों ज्ञापन भी सौंपा है। स्कूल प्रबंधन ने आबकारी और एसडीएम को दिए द्वितीय स्मरण पत्र में कहा है कि स्कूल मेहगांव मार्ग पर स्थित है, नगर एवं परिसर के विद्यार्थी इस स्कूल में अध्ययन करते है। बच्चों को पहुंचाने वाले अभिभावक एवं स्कूल स्टाफ को दुर्घटना का सामना करना पड़ रहा है आए दिन शराबियों का जमावड़ा होने से अभिभावक, विद्यार्थी एवं स्टाफ के कर्मचारी अत्यंत परेशानी महसूस कर रहे है। शराबी बेहिसाब गाडी चलाते है। शराब के दुकान के आस-पास में की गुमटियां लगाकर बैठे है जहा सुबह 8 बजे से लेकर देर रात तक शराब पीने वाले लोग शराब का सेवन करते रहते है एवं इसी दौरान शराबी उदंडता, अश्लील बाते एवं गाली-गलोच करते है। शराब पीने वालों की मोटरसाइकिल, गाड़ियां सड़क पर आ जाती है जिससे आए दिन दुर्घटना का सामना करना पड़ रहा है। छात्र साइकिल से आना-जाना करते है जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। स्कूल प्रबंधन ने चेतावनी दी है कि पाच दिवस के भीतर कारवाही नहीं होने पर अभिभावक छात्र/छात्राएं एवं स्टाफ आंदोलन करेंगा।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 335-1 | 489-1 |
| श्रीदेवी नाईट | 449-7 | 233-8 |

# रोकड़े ज्वेलर्स ने अक्षय तृतीया पर पेश किया 'अब नहीं तो कब' ऑफर

**नागपुर.**

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर रोकड़े ज्वेलर्स, विदर्भ की सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड ने अपने ग्राहकों के लिए एक खास और लाभकारी स्कीम "अब नहीं तो कब?" लॉन्च की है। इस ऑफर के तहत ग्राहकों को सबसे कम सोने की दर, पुराने गहनों पर 101% वैल्यू, और इमिटेशन ज्वेलरी पर 40% तक की छूट जैसी भव्य सुविधाएँ मिल रही हैं।सबसे कम रेट की गारंटी: ग्राहक केवल 50% एडवांस देकर बुकिंग कर सकते हैं। यदि डिलीवरी के समय सोने का रेट बढ़ता है. बुकिंग रेट लागू होगा।अगर रेट घटता है. नया कम रेट लागू होगा।

यानी हर स्थिति में ग्राहक को फायदा ही फायदा! पुराने सोने पर 101% मूल्य: पुराने गहनों को नए गहनों में बदलें और पाएं ज़्यादा कीमत। इमिटेशन ज्वेलरी पर 40% की भारी छूट: चुनिंदा डिज़ाइनों पर उपलब्ध। विदर्भ के 7 भव्य शोरूम्स में उपलब्ध है. नागपुर और भंडारा में फैले 7 आकर्षक शोरूम्स के साथ, रोकड़े ज्वेलर्स पारंपरिक, ब्राइडल, डायमंड और सिल्वर ज्वेलरी की विस्तृत रेंज प्रस्तुत करता है।



पारस रोकड़े, डायरेक्टर, रोकड़े ज्वेलर्स ने कहा यह ऑफर केवल कीमत का नहीं, बल्कि ग्राहकों के विश्वास और रिश्ते का सम्मान है। हम चाहते हैं कि इस अक्षय तृतीया पर हर परिवार के चेहरे पर खुशियों की चमक हो।"टोल-फ्री: 1800 268 1010 निकटतम शोरूम पर पधारें और "अब नहीं तो कब?" ऑफर का लाभ उठाएं। शुभांगीनी – रोकड़े ज्वेलर्स,मोबाइल: 8956679181





इस अक्षय तृतीया पर, सौभाग्य और समृद्धि के साथ खरीदारी करें. रोकड़े ज्वेलर्स के साथ!






## कोपरवाडी कला में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

### विधायक चौरे ने किया 5 लाख की निधि से कार्य शुभारंभ



**सौसर.**

विधायक विजय रेवनाथ चौरे ने ग्राम कोपरवाडी कला में विधायक निधि से स्वीकृत सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य के शेष भाग के लिए भूमिपूजन समारोह संपन्न किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुए इस भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्रामीणों की उपस्थिति में चौरे ने कहा कि वे विपक्ष के विधायक होने के बावजूद क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा,"आप सभी के आशीर्वाद से जब मैं पहली बार विधायक बना था, तब इस सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख की निधि स्वीकृत की गई थी और उसका एक भाग पूर्ण हो चुका है। अब, दूसरी बार विधायक बनने पर मैं इस अधूरे कार्य को पूर्ण करने के लिए 5 लाख की पुनः निधि स्वीकृत कर रहा हूं।" इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र येमदे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश चौधरी, वसंत चौधरी, बंडु बनाईत, भीमराव बारमासे, राजु पाटनकर, गजानन वखारे, शेलेन्द्र बिसेन, नरेन्द्र फोले, सुधाकर चौरे, रामेश्वर पाटनकर, धनपाल पाटनकर, देवेंद्र पाटनकर, नारायण चरपे, शरद बनाईत, संजय थानेकर, किशोर सेंबेकर, विष्णु पाटनकर, नामदेव बनाईत और राम पाटनकर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।